हरिभूमि
महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, मंगलवार, 26 अगस्त 2025

12 किशोरावस्था में विचारों को सही दिशा देना जरूरी...



11 राजकीय स्कूल मूलौदी में विद्यार्थियों ने पेश की...



## खबर संक्षेप

### करंट लगने से पंप ऑपरेटर की मौत

**महेंद्रगढ़।** गांव कोका निवासी 23 वर्षीय ग्रामीण पंप ऑपरेटर की करंट लगने से मौत हो गई। मृतक गांव के ट्यूबवैल पर पंप ऑपरेटर लगा हुआ। पुलिस ने मृतक का नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। गांव कोका निवासी धर्मवीर ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि वह खेतीबाड़ी का काम करता है। उसके दो बच्चे हैं। बड़ा लड़का ललित जनस्वास्थ्य विभाग में गांव कोका में ग्रामीण पंप ऑपरेटर लगा हुआ था।

### अवैध कॉलोनी पर चला पीला पंजा, खलबली

**नारनौल।** जिला नगर योजनाकार टीम ने सोमवार को शहरी क्षेत्र अटेली में कनीना रोड पर लगभग तीन एकड़ भूमि में विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी में तोड़फोड़ की कार्रवाई की। जानकारी के अनुसार राजस्व सम्पदा खोड़ में कुछ लोगों की ओर से लगभग तीन एकड भूमि में महानिदेशक नगर एवं ग्राम आयोजना विभाग हरियाणा चण्डीगढ़ से बिना लाइसेंस अनुमति लिए अवैध कॉलोनी बनाई जा रही थी व रोड नेटवर्क बिछाए जा रहे थे।

### डीसी कैप्टन मनोज कुमार ने संभाला कार्यभार

**नारनौल।** नवनियुक्त उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने शनिवार को अपना कार्य भार संभालने के बाद सोमवार को लघु सचिवालय में डीसी कार्यालय के अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ परिचयात्मक बैठक की। इस अवसर पर अधिकारियों व कर्मचारियों ने उनका स्वागत किया।

### गैलेक्सी स्कूल बवानिया में पैरेंट्स-टीचर्स मीटिंग

**महेंद्रगढ़।** गैलेक्सी स्कूल बवानिया में मेगा पैरेंट्स-टीचर्स मीटिंग का आयोजन किया गया, जिसमें प्राचार्य कर्णसिंह ने बताया कि इसके माध्यम से छात्र-शिक्षक-अभिभावक संवाद को मजबूती दी जाती है। प्राचार्य ने इस बैठक में छात्रों की प्रगति रिपोर्ट पर अभिभावकों से विचार–विमर्श किया तथा छात्रों की पढ़ाई, गृह कार्य और उनकी समस्याओं पर भी चर्चा की। अभिभावकों ने शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की।

### मकान का ताला तोड़कर आभूषण व रुपये चोरी

**नारनौल।** चोर एक बंद मकान का ताला तोड़कर उसमें से हजारों रुपये के सोने चांदी के आभूषण, तीन नोटों की माला व 28 हजार रुपये नकद चुरा ले गए। इस बारे में पुलिस को दी शिकायत में मोहल्ला माली टीबा के रहने वाले सुवालाल ने बताया कि वह तथा उसका सारा परिवार किसी कार्यक्रम में भाग लेने के लिए बहरोड़ गए हुए थे। सुबह जब वे वापस आए तो उन्होंने देखा कि उनके मकान के मुख्य गेट का ताला टूटा हुआ है।

### एसडी ककराला में जिला स्तरीय प्रतियोगिता शुरू

**कनीना।** जिला स्तरीय एसजीएफआई की ओर से सोमवार को एसडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ककराला में कुश्ती व भारो तोलन की दो दिवसीय प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया गया। जिसका समापन 26 अगस्त को होगा।

### भाईचारा सम्मेलन का गांवों में दिया निमंत्रण

**नांगल चौधरी।** जाट आरक्षण समिति ने 28 अगस्त को प्रस्तावित भाईचारे सम्मेलन को सफल बनाने के लिए दोंगली, तोताहेड़ी, अकबरपुर, सिरोही बहाली, नांगल चौधरी समेत 15 गांवों में जनसंपर्क करके निमंत्रण दिया। कार्यक्रम की अगुवाई जिला प्रधान नवनीत ढिल्लो ने की। जिसमें राष्ट्रीय सचिव हजारीलाल लंबारो तथा प्रदेश सचिव जसवंत सिंह शेहरावत मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि छोटूराम की जीवनी से अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष करने का संदेश मिलता है।

---

अंतरराष्ट्रीय कम्पनियों के आने की भी प्रबल संभावनाएं

# विकास को पंख: लॉजिस्टिक हब के निर्माण के लिए 765 करोड़ का टेंडर जारी, 20 लाख रेलवे कंटेनर को हैंडल करने की होंगी क्षमता

## हरियाणा सरकार और केंद्र सरकार की यह एक संयुक्त परियोजना

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

नांगल चौधरी हलके के गांव बशीरपुर, घाटाशेर एवं तलोट की ज़मीन पर तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल के विशेष सहयोग से बनने वाले मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक हब के विकास को परिणाम तक पहुंचाने की कार्रवाई अब प्रारंभ होने जा रही है। इस विषय में विस्तार से बताते हुए पूर्व सिंचाई मंत्री डॉक्टर अभय सिंह यादव ने कहा कि यह परियोजना देश की उन महत्त्वपूर्ण परियोजनाओं में शामिल है जिसकी सीधी निगरानी प्रधानमंत्री कार्यालय करता है। "प्रगति" योजना के अंतर्गत इसकी प्रगति रिपोर्ट सीधे प्रधानमंत्री कार्यालय को भेजी जाती है। इस परियोजना को लागू करने के लिए मुख्य टेंडर 22 अगस्त को जारी किया जा चुका है। जिसकी प्री बिड 30 सितंबर दोपहर 12 बजे खोली जाएगी और अंतिम निविदा 10 नवंबर प्रातः 11 बजे तक प्राप्त की जा सकेगी।

### यह कार्य अभी तक पूरा

आधारभूत आवश्यकताएं जैसे लॉजिस्टिक हब तक न्यू डाबला रेलवे स्टेशन से रेल की लाइन बिछाने का काम, 220 केवी की स्पेशल बिजली लाइन ,नारनौल से नहरी पानी की लाइन, नैशनल हाईवे से संपर्क आदि का कार्य पहले ही पूरा हो चुका है। इसके अतिरिक्त आंतरिक रेल लाइन डालने एवं उस पर रेलवे प्लेटफ़ॉर्म बनाने का काम चालू है। इस टेंडर में बड़ी बड़ी राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय कंपनियों के हिस्सा लेने की प्रबल संभावनाएं हैं। इस परियोजना को विकसित, प्रबंधन एवं संचालन करने के सभी कार्य टेंडर में सफलता प्राप्त करने वाली कंपनी द्वारा किए जाएंगे अर्थात इसी कंपनी द्वारा इसके निर्माण से लेकर संचालन तक का कार्य किया जाएगा। इस परियोजना के निर्माण और पूर्ण रूप से विकसित करने के लिए अनुमानित 765 करोड़ रुपये की राशि ख़र्च की जाएगी। इस परियोजना के दोनों चरण पूरे होने उपरांत यहां 20 लाख कंटेनर को हैंडल करने की क्षमता विकसित की जाएगी। जिसमें एक लाख कंटेनर को रखने के लिए वेयरहाउस और कोल्ड स्टोरेज की व्यवस्था की जाएगी।



नारनौल। लॉजिस्टिक हब का काल्पिनक दृश्य।

### प्रदेश व केंद्र सरकार की संयुक्त परियोजना

हरियाणा सरकार और केंद्र सरकार की यह एक संयुक्त परियोजना है। इस टेंडर में उच्चतम लाभ की पेशकश करने वाली कंपनी को यह काम अलॉट किया जाएगा। यह कम्पनी केंद्र और हरियाणा सरकार को इस परियोजना से प्राप्त होने वाली कुल आय का एक निश्चित निर्धारित प्रतिशत अदा करेंगी तथा इस प्रोजेक्ट से संबंधित निर्माण से लेकर संचालन तक का समस्त कार्य यह कंपनी अपने स्तर पर अपनी ज़िम्मेवारी पर करेगी।

### युवाओं के लिए रोजगार की बढ़ी संभावना



नांगल चौधरी के पूर्व विधायक एवं पूर्व सिंचाई मंत्री डा. अभय सिंह यादव ने कहा कि यह कार्य बड़े पैमाने पर होने जा रहा है तथा इस परियोजना के पूर्ण रूप से विकसित और संचालित होने उपरांत इस क्षेत्र में विकास की अनेक संभावनाएं परिलक्षित होंगी। लाजिस्टिक हब के साथ ही औद्योगिक पार्क भी विकसित किया जाएगा, जिसमें आयात- निर्यात की सुगम सुविधा ऐसे उद्योगों के लिए यहां मुख्य आकर्षण होगा। क्योंकि यह लॉजिस्टिक हब वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर पर विकसित किया जा रहा है, जो राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली को सीधे मुंबई सहित पश्चिमी भारत की कई बंदरगाहों से जोड़ रहा है।

---

## बीते वर्ष पार्क में भरे बरसाती पानी में डूबने से एक बच्चे की हुई थी मौत

# शहर का पॉश एरिया हुडा सेक्टर:16 में से 13 पार्क बरसाती पानी से लबालब

### बीते वर्ष बच्चे की मौत होने के बाद भी नहीं संभल रहा नगर परिषद प्रशासन

नितेश कुमार ⏭ नारनौल

शहर के एकमात्र पॉश एरिया हुडा सेक्टर के पार्क इन दिनों जलभराव के कारण खतरों का गढ़ बन चुके हैं। सेक्टर के 16 पार्कों में से 13 पार्क बरसाती पानी से लबालब भरे हुए हैं। जिससे स्थानीय लोगों में गहरी चिंता व नाराजगी है। यह स्थिति पॉश एरिया के लिए न केवल बदसूरती का कारण बन रही है, बल्कि एक गंभीर खतरे का संकेत भी है, क्योंकि बीते वर्ष इसी तरह के जलभराव में डूबने से एक मासूम बच्चे की मौत हो गई थी। जिसके बाद नगर परिषद प्रशासन ने जल निकासी की व्यवस्था सुधारने के दावे किए थे, लेकिन धरातल पर हालात आज भी जस के तस हैं। यहां पर आपको बता दें कि पिछले साल बरसात के दौरान सेक्टर के एक पार्क में कई दिनों तक पानी भरा रहा। जिसे निकालने के लिए कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इसी बीच खेलते समय एक बच्चा गहरे पानी में डूब गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना के बाद शहरवासियों में आक्रोश फूट पड़ा था। जिस पर प्रशासन ने कार्रवाई का भरोसा दिलाया था और नगर परिषद की ओर से पानी निकासी के लिए पम्प सैट में लगाए गए थे।







नारनौल। हुडा सेक्टर के पार्कों में जमा बारिश का पानी। फोटो: हरिभूमि

### पार्कों में पानी, मच्छरों व गंदगी आलम

सेक्टर के 16 पार्कों में से 13 पार्कों में कई फुट पानी जमा है। जलभराव के कारण पार्क तालाब नजर आने लगे है। पानी के साथ घास सड़ने लगी है व आसपास बदबू फैल रही है। हुडा वासियों का कहना है कि पार्कों में जमा पानी कई दिनों तक नहीं सूखता और न ही पंप सैट लगाकर उसकी निकासी की जाती है। जिससे मच्छरों के पनपने से बीमारी का भय बना हुआ है।

### फिर हो सकता है हादसा

लोगों को कहना है कि बारिश का सीजन चल रहा है, ऐसे में सेक्टर के पार्क पानी से लबालब भरे हुए है। जिसमें कोई भी बच्चा खेलते खेलते पानी से भरे इन पार्कों में जा सकता है और फिर से कोई हादसा हो सकता है। इसलिए प्रशासन को उदासीनता छोड़कर पार्कों में जमा बरसाती पानी निकासी का प्रबंध तुरंत करना चाहिए। बरसात का मौसम अभी जारी है और अगर समय रहते पानी की निकासी नहीं की गई, तो यह लापरवाही न केवल बीमारियों के फैलाव को बढ़ाएगी, बल्कि जानलेवा हादसों का कारण भी बन सकती है।

**हुडा सेक्टर में पार्कों के नाम व हालत**

हुडा सेक्टर में कुल 16 पार्क है। जिसमें से 13 पार्क पानी से लबालब भरे हुए है। इनमें लक्ष्मी बाई पार्क, तिलक पार्क, कबीर पार्क, दयानंद पार्क, अटल पार्क, उद्दयम सिंह पार्क, महाराणा प्रताप पार्क, शिवाजी पार्क, विवेकानंद पार्क, भगतसिंह पार्क, शास्त्री पार्क, पटेल पार्क, अग्रसेन पार्क शामिल है। वहीं तीन पार्कों चन्द्र शेखर, गांधी पार्क व बाबा खेतानाथ पार्क की साफ सफाई सेक्टर की एसोसिएशन की ओर से गई है।

### बैठक कर किया जाएगा प्रपोजल तैयार

पार्कों में जमा होने वाले पानी की समस्या के समाधान के लिए प्रपोजल तैयार करके उच्चाधिकारियों को भेजा गया था। जिसके कुछ बिंदुओं पर ऑब्जेक्शन लगा दिया गया। अब लोकल स्तर पर बैठक करके फिर से प्रपोजल तैयार किया जाएगा। हुडा सेक्टर में बनाए गए सभी पार्क ग्राउंड लेवल से काफी नीचे है। जिनका निर्माण आज से करीब 15 से 20 साल पहले किया गया था, उस समय सेक्टर की आबादी काफी कम थी। पार्कों में पानी बहुत ज्यादा जमा होता है। इस पानी को कहा डाला जाए, इसको लेकर मंथन किया जा रहा है। जल्द ही समस्या का स्थाई समाधान करवाने के प्रयास किए जा रहे है।

-**कमलेश सैनी**, चेयरपर्सन नगर परिषद नारनौल।

### नप प्रशासन नहीं दे रहा ध्यान

हुडा रेजिडेंट वैलफेयर एसोसिएशन की ओर से इस संबंध में नगर परिषद व जिला प्रशासन को कई बार लिखित में शिकायत देकर अवगत करवाया जा चुका है, लेकिन पिछले साल हुए हादसे के बाद प्रशासन समस्या के समाधान को लेकर गंभीर नजर नहीं आ रहा है।

---



महेंद्रगढ़। रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते निदेशक संदीप प्रसाद।

# नशामुक्ति को लेकर निकाली जागरूता रैली

- सूरज स्कूल में तंबाकू मुक्त पीढ़ी के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

सूरज सीनियर सेकेंडरी स्कूल में तंबाकू मुक्त पीढ़ी की ओर स्कूल की चुनौती एक राष्ट्रीय मुहिम के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों की भागीदारी में जागरूकता रैली का आयोजन भी किया। निदेशक संदीप प्रसाद की अध्यक्षता में विद्यालय से हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रैली को रवाना किया। कार्यक्रम संयोजक राजेश शर्मा झाड़ली, दीपक शर्मा एवं संदीप कुमार द्वारा कार्यक्रम का सफल आयोजन किया। निदेशक संदीप प्रसाद ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य छात्रों और समुदाय में तम्बाकू के उपयोग के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाना और बच्चों को स्वस्थ समाज के निर्माण में बदलाव का अहम हिस्सा बनने के लिए प्रोत्साहित करना है। बच्चों को तंबाकू से होने वाली बीमारियों के बारे में बताते हुए इससे दूर रहने का आह्वान किया। संयोजक राजेश शर्मा झाड़ली ने बताया कि तंबाकू मुक्त अभियान को लेकर जागरूकता रैली, नुक्कड़ नाटक, पोस्टर बनाने की प्रतियोगिता तथा स्लोगन, कविता लेखन का आयोजन किया जा रहा है।

### नेशनल लेवल पर मिलेंगे नकद इनाम

इस कार्यक्रम के तहत होने वाली विभिन्न प्रतियोगिता पहले स्कूल स्तर पर, फिर खंड स्तर व बाद में जिला स्तर पर होगी। इसके बाद राज्य स्तरीय और नेशनल लेवल की प्रतियोगिता होगी जिसमें हजारों रुपये के नकद इनाम दिए जाएंगे। कार्यक्रम के अंत में छात्र-छात्राओं व विद्यालय के स्टाफ सदस्यों ने तंबाकू के प्रति शपथ ग्रहण की। इस अवसर पर इस अवसर पर रेडक्रॉस काउंसलर विजय कुमार सहित समस्त स्टाफ सदस्य व विद्यार्थी मौजूद रहे।

---



महेंद्रगढ़। विजयी होने पर खुशी मनाते विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

# यदुवंशी स्कूल के छात्रों ने बीआईएस क्विज में हासिल की सफलता

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

यदुवंशी विद्यालय के छात्रों ने अपनी कड़ी मेहनत, लगन और उत्कृष्ट प्रदर्शन के बल पर बीआईएस क्विज प्रतियोगिता में शानदार सफलता प्राप्त की है। यह प्रतियोगिता भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) द्वारा आयोजित की जाने वाली एक राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता है तथा ज्ञानवर्धक होती है। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में गुणवत्ता, मानक, सुरक्षा और उपभोक्ता जागरुकता के प्रति जानकारी बढ़ाना है। यह प्रतियोगिता ऑनलाइन स्टैंडर्ड क्लब फरीदाबाद में आयोजित की गई, जिसमें विजेता प्रतिभागियों में प्रशांत पुत्र सुरेंद्र ने 10,000 रुपये, निशा पुत्री जय भगवान ने 7000 रुपये, प्रिंस पुत्र सतीश कुमार ने 7000 रुपये, मेघना तिवारी पुत्री अशोक तिवारी 5000 रुपये, प्रिंस पुत्र देवेन्द्र सिंह ने 5000 रुपये, प्रांजुल पुत्री यतीश 2000 रुपये, राहुल पुत्र इंद्रजीत ने 2000 रुपये की नकद राशि प्राप्त की। विजेताओं को आईईसी जनरल असेंबली 2025 में भाग लेने का मौका मिलेगा। प्राचार्य पवन कुमार ने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। चेयरमैन एवं पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने कहा कि यदुवंशी के विद्यार्थी हमेशा हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परचम लहराते रहे हैं। उन्होंने कहा कि सफलता कभी अचानक नहीं मिलती, बल्कि निरंतर प्रयास और सकारात्मक सोच का परिणाम होती है। वाइस चेयरमैन एडवोकेट कर्ण सिंह यादव, वाइस चेयरमैनपर्सन संगीता यादव, ग्रुप निदेशक विजय सिंह यादव, फाउंडर डायरेक्टर डॉ. राजेंद्र सिंह यादव ने विजेता विद्यार्थियों को बधाई दी।

---

# रेलवे मंडल प्रबंधक ने अटेली स्टेशन का किया निरीक्षण, यात्रियों ने सौंपा ज्ञापन



**मंडी अटेली।** जयपुर रेल मंडल के प्रबंधक रवि जैन सोमवार को अपनी टीम के साथ अटेली रेलवे स्टेशन पहुंचे और रेलवे लाइन दोहरीकरण के कार्य सहित स्टेशन पर चल रहे निर्माण एवं व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान स्थानीय लोगों, नारनौल यात्री संघ और खेत किसान मजदूर संगठन के प्रतिनिधियों ने मंडल प्रबंधक को यात्रियों की समस्याओं से अवगत कराते हुए ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में अटेली स्टेशन पर ट्रेनों की संख्या बढ़ाने और ठहराव की मांग प्रमुख रखी गईवहीं साथ ही स्टेशन निर्माण समिति के सदस्य सुरेश शर्मा ने मंडल प्रबंधक को बताया कि अंडरपास 29 पर आए दिन पानी भर जाता है जिससे लोगों का आवागमन रुक जाता है और मजबूरी में लोग रेलवे ट्रैक पार करते हैं। इस कारण सप्ताह में एक दो हादसे घटित हो जाते हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि पुरानी मंडी से रेलवे रोड़ होते हुए नई मंडी तक पैदल पथ बनाया जाए और अंडरपास को रेलवे सेंटर लाइन से जोड़ा जाए जिससे यात्रियों को प्लेटफार्मों के बीच आने जाने में सुविधा मिल सके।

---

# जॉब मेले में आईटीआई के 47 बच्चों का चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल



नारनौल। छात्रों का साक्षात्कार लेते कंपनी के प्रतिनिधि। फोटो: हरिभूमि

राजकीय आईटीआई में आयोजित जॉब फेयर में हीरो मोटोकॉर्प धारूहेड़ा कंपनी के प्रतिनिधियों ने साक्षात्कार के माध्यम से 47 बच्चों का चयन किया। कार्यवाहक प्रधानाचार्य सुनील यादव ने बताया कि इन चयनित बच्चों की जॉइनिंग 26 अगस्त को ही करवा दी जाएगी। संस्थान के प्लेसमेंट ऑफिसर सुदर्शन कुमार ने बताया कि हीरो मोटोकॉर्प धारूहेड़ा की तरफ से एचआर मैनेजर दयानंद सेहरावत व हरीश शर्मा ने इंटरव्यू लिया और 47 बच्चों का चयन किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य सुनील यादव व प्लेसमेंट ऑफिसर सुदर्शन कुमार ने चयनित बच्चों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। संस्थान के प्रयासों से छात्रों को रोजगार के अवसर प्रदान किए जा रहे हैं और उनकी प्रतिभा को निखारने में मदद की जा रही है।

---

## जोरासी के पास फैक्ट्री में कुछ दिनों पहले लगी थी आग

# फैक्ट्री आगजनी में 4 करोड़ का हुआ नुकसान

- आर्थिक सहायता के लिए व्यापारी वर्ग ने विधायक से लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

जोरासी स्थित फैक्ट्री में लगी भीषण आग के कारण हुए नुकसान की भरपाई कराने की मांग को व्यापारियों ने जिला व्यापार अध्यक्ष वैधन किशन वशिष्ठ के नेतृत्व में विधायक ओमप्रकाश यादव से मुलाकात की। उन्होंने बताया कि चार दिन पहले जोरासी रोड पर स्थित व्यापारी राकेश बंसल की नमकीन व स्नेक्स की फैक्ट्री में देर रात भयंकर आग लगने से सब कुछ स्वाहा हो गया था। फैक्ट्री में सभी मशीनें, कच्चा व तैयार माल, यहां तक की टीन की चदरें एवं लोहे के गाटर भी आग में पूरी तरह झुलसकर अग्नि की भेंट चढ़ गए। इस घटना से व्यापारी राकेश बंसल को करीब 4 करोड़ रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ है। जिला व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष वैध किशन वशिष्ठ व वरिष्ठ महामंत्री सुरेंद्र चौधरी के नेतृत्व में 20 पदाधिकारियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को फैक्ट्री में जाकर निरीक्षण किया था। इसके पश्चात व्यापारियों जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में विधायक के कार्यालय पर पहुंचे। कथा वाचक आचार्य बजरंग शास्त्री, जिला अध्यक्ष वैध किशन वशिष्ठ, वरिष्ठ महामंत्री सुरेंद्र चौधरी, नारनौल सिटी के प्रधान संजय गर्ग व जिला प्रवक्ता मुकेश जैन ने विधायक को घटना जानकारी देते हुए घटना स्थल निरीक्षण करने की मांग की।



नारनौल। विधायक से मुलाकात करते व्यापारी। फोटो: हरिभूमि

### पीड़ित के साथ ये पहुंचे विधायक के पास

इस मौके पर मनीष शास्त्री, रामजीलाल मित्तल, पीड़ित व्यापारी राकेश बंसल, संरक्षक धर्मचंद छाबड़ा, सरदार बलदेव सिंह चहल, नरेंद्र झिमरिया, उपाध्यक्ष बद्री प्रसाद गर्ग, गजानंद चौधरी, अशोक सैनी, सरदार सुरजीत सिंह अरोड़ा, भारत जिंदल, सुरेंद्र सोनी, धर्मवीर यादव, कृष्ण कुमार गुप्ता, नरेश गोगिया, महामंत्री संजय संघी, संदीप शांडिल्य, जगमोहन गर्ग, त्रिलोक चंद सैनी, संगठन मंत्री खेमचंद शर्मा, कोषाध्यक्ष संजय चौधरी, मंत्री घनश्याम गर्ग, मनीष गोगिया, सुरेश पाहूजा, रतन नूनीवाला, मीडिया प्रभारी सोमदेव शर्मा, विनोद सोनी, पूरन चंद सिंघल, नरेश महेश्वरी आदि उपस्थित रहे।

हरिभूमि सहेली



आमतौर पर महिलाएं चाहे वर्किंग हों या होममेकर, खुद के लिए समय नहीं निकाल पातीं। पति, बच्चे, सास-ससुर की देखभाल, उनकी डिमांड पूरी करने और घर-बाहर की जिम्मेदारियों को निभाते हुए उन्हें अपने लिए कुछ करने की जरूरत ही महसूस नहीं होती है। जबकि सच्चाई यह है कि मी टाइम खुद को खुश रखने का जरिया होता है और दूसरों को खुश रखने के साथ खुद को खुश रखना भी जरूरी होता है।

# बिजी रुटीन में भी जरूर निकालें मी टाइम

लाइफस्टाइल
चेतना झा

आयुषी अपनी सहेली नीलम से फोन पर बात कर रही थी। उसे लगा कि नीलम कुछ सुस्त है। उसने पूछा, 'नीलम तू बीमार है क्या?' इस पर नीलम बोली, 'नहीं यार, सुबह से शाम तक इतना काम रहता है कि शाम तक लो फील होने लगता है।' आयुषी ने सलाह दी, 'तू कुछ देर सुबह या शाम 'मी टाइम' में एक्सरसाइज या मेडिटेशन किया कर या अपनी हॉबी पूरी किया कर, इससे फ्रेश-एनर्जेटिक फील करेगी।' इस पर नीलम ने मायूसी से कहा, 'सुबह सांस लेने की तो फुर्सत नहीं मिलती। राजू का ब्रेकफास्ट बनाना, अपना और इनका (पति) लंच रेडी करना। जल्दी-जल्दी काम निपटाना फिर ऑफिस के लिए भागना। शाम को फिर राजू को होमवर्क कराना, पेंडिंग काम करना, डिनर बनाना कैसे मिलेगा मी टाइम?' ये बातें आपको भी अपनी सी ही लग रही होंगी। जॉब, घर के काम, बच्चे की पढ़ाई, घर-बाहर की जिम्मेदारियां, सुबह आंख खुलने से रात बेड पर सोने तक इन्हीं सब में तो उलझी रह जाती हैं आप। डेड लाइन, टार्गेट, अचीवमेंट, घर की व्यवस्था, बच्चों की परीक्षाएं, उनका करियर, परिजनों की हेल्थ, इन सबके बीच कहीं आपका अपना कुछ छूट तो नहीं रहा। कभी एकांत के पलों में पूछिए खुद से कि पूरे दिन, सप्ताह या महीने में कितना पल होता है आपका 'मी टाइम?' कब आप बिताती हैं फुर्सत के पल केवल अपने लिए? कितनी बार आप कर पाती हैं अपनी पसंद का काम, जिससे मिलती है आपको खुशी, संतुष्टि?



**क्या है मी टाइम:** वास्तव में मी टाइम हमारा रिचार्जर है। हमारी बैट्री को रिचार्ज करता है। एक खुली हवादार खिड़की की तरह होता है मी टाइम, जो भीतर की थकान और डलनेस को बाहर निकाल हमें ताजगी से भर देता है। जिम्मेदारियों में उलझे हमारे वजूद पर से धूल झाड़ हमारी ही मुलाकात हमसे कराता है।

**फायदे हैं कई:** मनोवैज्ञानिक भी मी टाइम को मानसिक स्वास्थ्य और रिश्तों के लिए काफी लाभदायक मानते हैं। एक्सपर्ट्स का मानना है कि इससे हम खुद को लेकर किसी उधेड़बुन से मुक्त रहते हैं। यह हमारे दिमाग को तरोताजा करता है। मनोवैज्ञानिक सुप्रिया गोयल कहती हैं, 'इससे एकाग्रता बढ़ती है। हम अधिक तार्किक बनते हैं। घर-बाहर बेहतर तरीके से समायोजित हो पाते हैं। खुश रहते हैं और हमारे भीतर सकारात्मक ऊर्जा का भरपूर प्रवाह होता है।'



**क्या कहती है रिसर्च:** अमेरिका स्थित मिशिगन यूनिवर्सिटी की एक रिसर्च रिपोर्ट को माने तो विवाहित जीवन की असफलता में मी टाइम या प्राइवेसी में कमी की भूमिका सेक्स संबंध से भी बड़ी होती है। इसी शोध के मुताबिक 29 प्रतिशत कपल्स ने शिकायत दर्ज की कि उनके जीवन साथी की ओर से उन्हें पर्याप्त मी टाइम या प्राइवेसी नहीं दी जाती। यूनिवर्सिटी शोध में तो यह भी जाहिर हुआ कि मी टाइम निकालने में पुरुषों की हिस्सेदारी अधिक है।

**ऐसे निकलेगा वक्त:** मी टाइम निकालने के लिए प्रयास तो आपको ही करने होंगे। क्यों न नियत समय से आधे घंटे पहले सुबह उठ जाएं और काम से पहले मी टाइम जीकर, रिचार्ज हो जाएं! मोबाइल, टीवी जैसे गैजेट्स से दूरी बनाना भी मी टाइम के लिए जरूरी है। मी टाइम के लिए किसी तरह की हिचक या अपराध भाव नहीं पालें। जरूरत पड़े तो घर में सबको बता भी दें कि आप अपने लिए जरूरी काम कर रही हैं, इसलिए इस दौरान कोई आपको डिस्टर्ब न करे।

इस तरह जब आप सीरियसली मी टाइम निकालेंगी तो आपको न केवल खुशी, संतुष्टि मिलेगी बल्कि आप अपने सभी काम बेहतर ढंग से अंजाम भी दे पाएंगी।

## मी टाइम में करें कुछ ऐसा

**कुछ महिलाएं** पूछती हैं, मी टाइम में हम करें तो क्या करें? इस सवाल का जवाब तो आपका दिल ही बेहतर बता सकता है। ईमानदारी से दिल की सुनें तो आपको जवाब मिलेगा कि इस दौरान आप क्या कर सकती हैं? मी टाइम पर अपनी किताब 'टाइम फॉर मी:365 डेली स्ट्रेटेजीस फॉर अ मदर्स सेल्फ केयर' की राइटर मिया रेडरिक ने कई सुझाव दिए हैं। रेडरिक के मुताबिक, 'जब आप अपने बच्चों के लिए हेल्दी नाश्ता तैयार करती हैं, तब खुद के लिए भी कुछ हेल्दी स्नैक्स तैयार करना या पैक करना आपका मी टाइम है। बेटी को क्लासिकल डांस सीखाने ले जा रही हैं तो क्लास खत्म होने के इंतजार की बजाय खुद भी अपने फेवरेट डांस के स्टेप सीख लें, तो यह आपका खुद का पल होगा। फेवरेट नॉवेल पढ़ना, पसंदीदा गाना सुनना, मैग्जीन पलटना, टीवी देखना, वर्कआउट करना या सहेलियों से बातचीत करना भी इसमें शामिल हो सकता है। पार्लर जाना, डायरी लिखना या कहीं घूमने जाना... यह तो आपको ही तय करना होगा कि आप अपने मी टाइम में क्या करना चाहेंगी?'



# बच्चों को ऐसे सिखाएं गुड मैनर्स

बच्चों से हम बहुत उम्मीद करते हैं कि उनके भीतर गुड मैनर्स हों, लेकिन इसके लिए हम बच्चों के सामने कैसे आदर्श रखते हैं, उनको किस तरह से ट्रीट करते हैं? साथ ही हमारा व्यवहार उनके प्रति कैसा होता है, ये बातें बच्चों को संस्कारवान बनाने के लिए बहुत मायने रखती हैं।

बच्चे और आप
अंजू जैन



हर पैरेंट की चाहत होती है, उसका बच्चा एक शिष्ट, जिम्मेदार, समझदार और कामयाब इंसान बने। इसके लिए बच्चों को अच्छी आदतें सिखाना जितना आसान है, उतना ही कठिन भी है। अगर आप सही तरीका अपनाएं तो बच्चों को आसानी से अच्छे मैनर्स सिखा सकती हैं, उनका व्यक्तित्व प्रभावशाली बना सकती हैं। इसके लिए आपको कुछ बातों का ध्यान रखना होगा-

**बच्चों से गर्म जोशी से मिलें:** जब भी आपका बच्चा स्कूल से लौटे या स्कूल जा रहा हो या फिर आप बाहर से घर आई हों तो उससे गर्मजोशी के साथ मिलें। अपने चेहरे पर मुस्कान लिए उसे हग करें, उसका मूड जानें, उसके मन की सुनें। दिन की शुरुआत और अंत उसे पुचकार कर करें। इससे बच्चे से आपकी बॉन्डिंग बढ़ेगी, उसे लगेगा कि वह आपके लिए कितना महत्वपूर्ण है। उसके मन में आपके लिए प्यार उमड़ेगा।



**लोगों के प्रति सहानुभूति रखें:** माता-पिता बच्चों को जो बातें कह कर नहीं समझा सकते या सिखा सकते, वे बातें उनके रोल मॉडल बनकर सिखा सकते हैं। बच्चों में सहानुभूति, दया, विनम्रता का भाव जगाना हो तो उन्हें पहले नरमदिल और मददगार स्वभाव का बनाना होगा। इसके लिए आप उनके सामने अपने पड़ोसियों, रिश्तेदारों, घर में आने वाले सेल्समैन या फिर रिक्शा चालकों और कैब ड्राइवर के साथ नरमी से पेश आएं। जरूरतमंद की मदद करें, यह देखकर बच्चे में दूसरे की मदद करने की प्रेरणा जागेगी। अभद्र भाषा में चीख कर या रौब झाड़ने वाले अंदाज में बातें बच्चों के सामने तो बिल्कुल ना करें। यह देखकर बच्चे भी इसी तरह पेश आते हैं, जो असभ्य तरीका है।

**घर के बुजुर्गों के साथ जोड़ें:** अगर घर में आपके साथ सास-ससुर यानी बच्चों के दादा-दादी या नाना-नानी भी रहते हैं या वे आए हुए हैं, तो बच्चों को उनके साथ खेलने, रहने, टाइम बिताने और बातें करने के लिए प्रेरित करें। इससे न सिर्फ ग्रैंडपैरेंट्स को बल्कि बच्चों को भी अच्छा लगेगा। इतना ही नहीं, बच्चों में परिजनों से जुड़ने की भावना भी आएगी, वे अपने दादा-दादी और नाना-नानी से काफी कुछ सीखेंगे।

**कहानी-कविता पढ़ कर सुनाएं:** बच्चों को कहानी और कविताओं से काफी एंटरटेन किया जा सकता है। आप रोज बीस-पच्चीस मिनट के लिए उनके साथ बैठें, उन्हें कोई कहानी या कविता पढ़कर सुनाएं। फिर उसके बारे में कुछ सवाल पूछें। इससे बच्चों की पढ़ने में रुचि जागेगी, जनरल नॉलेज बढ़ेगी और साथ ही आप दोनों एक-दूसरे के साथ क्वालिटी टाइम भी स्पेंड कर सकेंगे।

**रुटीन फॉलो करना सिखाएं:** अनुशासन और समय प्रबंधन किसी भी व्यक्ति की जिंदगी में सफलता और सुकून के लिए बहुत जरूरी हैं। शुरू से ही बच्चों को रूटीन फॉलो करना सिखाएं। आप उनके लिए एक दिन पहले ही अगले दिन का रुटीन सेट कर दें। उन्हें बताएं कि किस वक्त उन्हें क्या करना है। साथ ही आप भी अपने रूटीन फॉलो करें और उन्हें बताएं कि आप कैसे नियत समय पर हर काम कर रही हैं।

हेयर केयर
ललिता गोयल

आजकल काफी महिलाएं बालों में कलर करवाना पसंद करती हैं। लेकिन कलर्ड बालों की केयर कैसे करनी चाहिए, इस बारे में कम ही लोग जानते हैं। इससे बालों में रफनेस बढ़ती है। कलरिंग के बाद कैसे करें हेयर केयर, जानिए।

# कलरिंग के बाद हेयर केयर बाल दिखेंगे हेल्दी-शाइनी

हेयर कलरिंग का ट्रेंड सालों से चल रहा है। अब तो हर उम्र की महिलाएं, लड़कियां बालों को अलग लुक देने के लिए हेयर कलरिंग करा रही हैं। लेकिन बालों को कलर कराने के बाद कुछ जरूरी बातों का ख्याल भी रखना जरूरी है, नहीं तो बाल डैमेज हो सकते हैं। जानते हैं हेयर केयर के बारे में, जिससे बाल खराब नहीं होंगे और आपके बालों की नेचुरल शाइन भी बनी रहेगी।

**सही कलर चुनें:** ध्यान रखें, कलरिंग के लिए हेयर कलर अच्छी क्वालिटी का हो। कलर मॉयश्चराइजर बेस्ड हो, जिससे बालों को डैमेज होने से बचाया जा सके।



**कलरिंग का तरीका:** केमिकल बेस्ड हेयर कलर बालों को अलग-अलग तरीके से नुकसान पहुंचा सकते हैं। ये जड़ों को भी डैमेज कर सकते हैं, जिससे हेयर फॉल की समस्या शुरू हो सकती है। इससे बचने के लिए ध्यान रखें कि आप जड़ों के बजाय हेयर स्ट्रैंड्स को कलर करें।

**ऑयलिंग का तरीका बदलें:** कुछ लोग ऐसा मानते हैं कि कलर करने के बाद बालों पर तेल नहीं लगाना चाहिए। जबकि यह सोचना गलत है, तेल आपके बालों को पोषण देने के साथ-साथ कंडीशनिंग भी करता है, इसलिए ऑयलिंग जरूर करें। लेकिन इसका तरीका बदल दें। इसके लिए कलरिंग के बाद तेल रात-भर लगाए रखने के बजाय दो या तीन घंटे के लिए लगाकर रखें। इसके बाद हेयर वॉश कर लें।

**सूरज की किरणों से बचाएं:** सूरज की हानिकारक किरणें बालों को डैमेज करने का कारण बन सकती हैं। अगर आपने हेयर कलर कराया है, तो धूप में जाने से पहले बालों में सनस्क्रीन स्प्रे करना न भूलें।



**हीटिंग टूल्स इस्तेमाल न करें:** बालों को कलर करने के तुरंत बाद हीटिंग टूल्स जैसे ब्लो ड्रायर का इस्तेमाल ना करें, क्योंकि इससे बाल ड्राई होते हैं, बालों से मॉयश्चर कम होता है और बालों का रंग बिल्कुल गायब हो जाता है। अगर ब्लो ड्राई करना जरूरी हो तो कम से कम 5 सेमी. की दूरी से ब्लो ड्राई करें। साथ ही हीटिंग टूल्स का इस्तेमाल करते समय बालों पर हीट प्रोटेक्टर सीरम जरूर अप्लाई करें।

**इन बातों का भी रखें ध्यान:** हेयर कलरिंग के बाद कुछ और बातों का ध्यान रखना जरूरी है।

- बालों को धोने के लिए कलर प्रोटेक्टेंट सल्फर फ्री शैंपू अप्लाई करिए। कलर प्रोटेक्टेंट शैंपू से बालों में कलर लॉक हो जाता है।
- शैंपू के बाद आप बालों की हफ्ते में दो बार डीप कंडीशनिंग जरूर करें। इससे बालों में मॉयश्चर लॉक हो जाता है और बालों को गहराई से पोषण मिलता है। इससे बालों में कलर मेंटेन रहता है।
- हेयर कलर के बाद कम से कम तीन दिन तक बालों को नहीं धोएं, वरना आपका हेयर कलर फीका पड़ सकता है।
- हेयर कलर को सबसे अधिक नुकसान गर्म पानी पहुंचाता है। इसलिए हमेशा बालों को नॉर्मल पानी और सर्दियों में गुनगुने पानी से धोएं।

**(हेयर एक्सपर्ट सुमन सचदेव से बातचीत पर आधारित)**

कल गणेश चतुर्थी है। कल से ही आरंभ होगा गणेशोत्सव। वैसे तो आपके घर के आस-पास सार्वजनिक स्थलों पर सामूहिक रूप से गणेश पूजन का आयोजन किया ही जाएगा। लेकिन अगर आप अपने घर में गणपति को प्रतिष्ठित कर पूजन करना चाहती हैं तो यहां हम आपको इसकी विधि बता रहे हैं।

# रिद्धि-सिद्धि सहिताय श्री गणेशाय नमः

पूजन-विधि
आचार्य डॉ. गोविंद बल्लभ जोशी



सनातन धर्म में हर तरह की पूजा-उपासना का प्रारंभ गणपति पूजन से होता है। इसीलिए गणेश जी को प्रथम पूज्य कहा गया है। गणपति, देवताओं के अध्यक्ष हैं। इसीलिए इन्हें 'गणाध्यक्ष' भी कहा जाता है। प्रत्येक वर्ष भाद्रपद शुक्ल चतुर्थी से शुक्ल चतुर्दशी पर्यंत, द्वादश दिवसीय पूजा-अर्चना को वार्षिकोत्सव के रूप में मनाया जाता है।

**ऐसे आरंभ हुआ देशव्यापी आयोजन:** गणेश चतुर्थी पर घर-घर में किए जाने वाला पूजन, वार्षिक गणेश उत्सव कैसे बना, इसके पीछे भी ऐतिहासिक घटना और ध्येय निहित रहा है। दरअसल, ब्रिटिश शासनकाल में अंग्रेजों की दासता से भारत माता को स्वतंत्र करने का संकल्प लेते हुए लोकमान्य बालगंगाधर तिलक ने गणाधिपति के पूजन को राष्ट्रोत्सव के रूप में प्रारंभ कर भारतीय जन समुदाय में राष्ट्रीय भावना और सांस्कृतिक चेतना का संचार किया था। आज यह उत्सव भारत ही नहीं विश्व के अनेक देशों में मनाया जाता है।

**ऐसे करें गणपति स्थापना-पूजन:** सार्वजनिक पार्कों और मंडपों में विधिवत गणेश पूजन, विविध उत्सव समितियों द्वारा तो आयोजित किया ही जाता है। लेकिन अनेक श्रद्धालु अपने घर में भी गणपति को स्थापित कर यह उत्सव मनाते हैं। ऐसे में किस विधि से उनका पूजन करें, आप जरूर जानना चाहेंगी। वस्तुतः गणेश जी की पूजन विधि सर्वत्र एक समान ही होती है। इसके लिए सर्वप्रथम श्रद्धापूर्वक अपने पूजा स्थान पर गणपति की चौकी तैयार कर उसे लाल वस्त्र से आच्छादित कर लें। अब उस पर कलश स्थापित कर श्रीगणेश विग्रह (प्रतिमा) को प्रतिष्ठित करें। हाथ में रोली, चंदन, अक्षत, लाल पुष्प और दूर्वा लेकर उनका आह्वान एवं ध्यान करें। 'रिद्धि-सिद्धि सहिताय श्रीगणेशाय नमः' का जाप करते हुए गणेशजी को अर्पित करें। इसके बाद आचमनी पात्र (चम्मच) में जल लेकर पाद्यं, अर्ध्य, आचमनीयं, स्नानीयम का उच्चारण करते हुए गणेश जी की प्रतिमा पर अर्पित करें। तत्पश्चात गणपति विग्रह को पंचामृत से स्नान कराएं। फिर एक आचमनी जल चढ़ाएं। उसके बाद उनको वस्त्र पहनाएं। एक यज्ञोपवीत (जनेऊ) अर्पित करें। फिर गणपतिजी को तिलक करें, अक्षत चढ़ाएं और दूर्वा के बारह तिनके चढ़ाएं। इसके पश्चात धूप, दीप प्रज्ज्वलित करें। इसके बाद गणपति को नैवेद्य (प्रसाद) भोग लगाएं। गणेश जी का सबसे प्रिय भोग मोदक है, अतः दस मोदक (लड्डू) उन्हें अर्पित करें। इसके बाद पान, सुपारी, लौंग, इलायची, फल, दक्षिणा चढ़ाएं। इसके पश्चात हाथ में पुष्प, अक्षत, रोली, दूर्वा लेकर उनके द्वादश नामों का उच्चारण करें।

इस प्रकार स्तुति करते हुए गंधाक्षत, पुष्प और दूर्वा गणपति को अर्पित कर दें। फिर 'ॐ गं गणपतये नमः' मंत्र का द्वादश (12) बार जप करें। फिर आरती, पुष्पांजलि के बाद भजन, कीर्तन से उत्सव मनाते रहें। इस प्रकार की गई गणपति की पूजा अत्यंत फलदायी होती है।

## गणपति के द्वादश नाम-मंत्र

- ॐ सुमुखाय नमः, ॐ एकदंताय नमः
- ॐ कपिलाय नमः, ॐ गजकर्णकाय नमः
- ॐ लंबोदराय नमः, ॐ विकटाय नमः
- ॐ विघ्ननाशकाय नमः, ॐ विनायकाय नमः
- ॐ धूम्रकेतवे नमः, ॐ गणाध्यक्षाय नमः
- ॐ भालचंद्राय नमः, ॐ गजाननाय नमः



रेसिपी
श्रुति आयंगर

# गणपति को अर्पित करें तरह-तरह के मोदक

## अमृत मोदक



### सामग्री

चावल का आटा-1 कप, उबली चना दाल-1/2 कप, कसा हुआ गुड़-1/4 कप, इलायची पावडर-1/2 छोटा चम्मच, केसर रेशे-1/2 छोटा चम्मच, पिसी हल्दी-चुटकी भर, कटे हुए मेवे-2 छोटे चम्मच, घी-1 बड़ा चम्मच, पानी-4 कप

### विधि

सबसे पहले चना दाल को मैश कर लें। इसमें गुड़ मिलाकर पैन में कुछ देर पकाएं। फिर केसर, इलायची पावडर और मेवे मिलाकर 2-3 मिनट पकाकर ठंडा होने दें। एक पैन में पानी और घी डाल कर उबालें। इसमें चावल का आटा मिलाकर गाढ़ा होने तक पकाएं। थोड़ा ठंडा होने पर अच्छी तरह गूंथें। थोड़ा मिश्रण हथेली पर फैलाकर चना दाल की भरावन भरें और मोदक का आकार दें। सांचे की मदद से भी मोदक बना सकती हैं। इन मोदकों को 10-12 मिनट भाप में पकाने के बाद भोग लगाएं।

## नारियल-गुलाब मोदक



### सामग्री

कंडेंस्ड मिल्क-400 ग्राम, मिल्क पावडर-240 ग्राम, घी-1/2 बड़ा चम्मच, रोज सिरप-1 बड़ा चम्मच, रेड फूड कलर-2-4 बूंद

**भरावन के लिए:** गुलकंद-1 बड़ा चम्मच, कसा सूखा नारियल-1 बड़ा चम्मच

### विधि

सबसे पहले नॉन-स्टिक पैन में मिल्क पावडर, कंडेंस्ड मिल्क, घी और रोज सिरप डाल कर अच्छी तरह से मिलाएं। इसे धीमी से मध्यम आंच पर चलाते हुए पकाएं। मिश्रण गाढ़ा होने तक चलाती रहें। इसके बाद फूड कलर डालकर मिला लें। इसे बाउल में निकाल लें। एक अलग बाउल में भरावन की सारी सामग्री मिलाकर स्टफिंग बना लें। मिल्क पावडर वाले मिश्रण में से थोड़ा सा मिश्रण लेकर हथेली पर फैला लें, इसमें स्टफिंग भर कर मोदक का शेप दें। पांच मिनट के लिए फ्रिज में रखें।

## खबर संक्षेप

### दुर्गा पूजा की तैयारियों को लेकर बैठक सम्पन्न

**नारनौल।** टाईगर क्लब परिवार की बैठक रविवार देर शाम संजय सैनी के निवास स्थान पर हुई। जिसकी अध्यक्षता क्लब प्रधान राकेश यादव, मुख्य संरक्षक डॉ. शिवकुमार यादव व संरक्षक संजय सैनी ने संयुक्त रूप से की। जिसमें 22वें दुर्गा पूजा महोत्सव की तैयारियों की समीक्षा हुई व सभी सदस्यों को जिम्मेवारियों दी गई।

इस अवसर पर क्लब के मुख्य सलाहकार राकेश यादव मित्रपुरा, वरिष्ठ उप प्रधान सुरेंद्र यादव, उप प्रधान राजेश सैनी ने बताया कि 22वें दुर्गा पूजा महोत्सव के मुख्य यजमान पवन यादव होंगे। तीन सितंबर को महोत्सव स्थल पुरानी कचहरी में भूमि पूजन के यजमान सुखविंद सिंह यादव नीरपुर होंगे।

### नगर पालिका कनीना का मानसून सत्र 28 को

**कनीना।** नगर पालिका कनीना का एक दिवसीय मानसून सत्र 28 अगस्त को आयोजित किया जाएगा। दोपहर एक बजे आयोजित होने वाले इस सत्र को लेकर नगर पालिका सचिव कपिल कुमार की ओर से दो मनोनीत सहित सभी 16 पार्षदों को एजेंडा भेजा गया है। नपा चेयरपर्सन डॉ. रिंपी लोढ़ा, नगर पार्षदों मंजू देवी, दीपक चौधरी, उषा यादव, रेखा देवी, राजकुमार यादव, राकेश कुमार, राजेश देवी, पूजा, नितेश गुप्ता, योगेश कुमार, होशियार सिंह, सुमन देवी, सूबेसिंह, राजेंद्र सिंह, नीलम कुमारी व सवाई सिंह को भेजे गए एजेंडे में सदस्यों की ओर से वार्ड वाइज प्राथमिकता के आधार पर किए जाने वाले कार्यों पर चर्चा की।

### मैकेनिकल यूनियन पंचकूला में देगी धरना

**नारनौल।** हरियाणा गवर्मेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन संबंधित हरियाणा संयुक्त कर्मचारी संघ मुख्यालय चरखी दादरी की जिला कमेटी व सातों ब्रांचों के पदाधिकारियों की बैठक पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में हुई। जिसकी अध्यक्षता जिला प्रधान रमेश चन्द्र यादव ने की। जिसमें निर्णय लिया गया कि तीन सितंबर को पंचकूला में प्रमुख अभियंताओं के कार्यालय में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

इस अवसर पर जिला कि सातों ब्रांचों के पदाधिकारियों ने सर्वसम्मति से फैसला लिया कि सभी ब्रांचों से अलग अलग बस भर के पंचकूला पहुंचेंगे तथा सरकार की वादा खिलाफी का पुरजोर विरोध किया जाएगा।

### पीजी कॉलेज में कृमि मुक्ति कार्यक्रम संपन्न

**नारनौल।** राजकीय महाविद्यालय के रेड रिबन, यूथ रेडक्रॉस प्रकोष्ठ के सानिध्य में सीएमओ डॉ. अशोक कुमार व केन्द्र सरकार के राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के सौजन्य से प्राचार्य डॉ. जगजीत सिंह मोर की अध्यक्षता में कृमि मुक्ति जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. जगजीत सिंह मोर ने विद्यार्थियों को बताया कि एक स्वस्थ्य शरीर के लिए अच्छा व पोषणयुक्त भोजन बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि उचित आहार, विहार और व्यवहार से सम्पूर्ण स्वास्थ्य को प्राप्त किया जा सकता है। बच्चों की आंतों में परजीवी होने के कारण वह उनके खराब शारीरिक व मानसिक विकास की जानकारी दी।

## धनौन्दा व खेड़ी तलवाना में लगा मेला



नारनौल। कुश्ती के मैदान में अपना जौहर दिखाते पहलवान।

**नारनौल।** गांव धनौन्दा व खेड़ी तलवाना में श्री बाबा दयाल का विशाल मेला व भंडारा आयोजित किया गया। इस अवसर पर हजारों श्रद्धालुओं ने श्री बाबा दयाल के धाम पर शीश नवाकर और चादर चढ़ाकर अपनी मन्नते मांगी। मेले में रागनी कम्पीटिशन व सांग कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। जिसमें हजारों लोगों ने हरीश शर्मा एंड पार्टी व प्रसिद्ध लोकगायक बाबूदान सिंह सांगी के कार्यक्रमों का आनंद उठाया। प्रमुख समाजसेवी नेताजी अतरलाल एडवोकेट ने मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचकर बाबा की मजार पर चादर चढ़ाकर समाज तथा देश में सुख शांति की प्रार्थना की और रागिनी कम्पीटिशन व सांग कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

## बागवानी फसलों को कीटों से बचाने के लिए करें ट्रैप का प्रयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

बारिश के मौसम में बागवानी फसलों को हानिकारक कीट पतंगे अधिक नुकसान पहुंचाते हैं। कीटों के नुकसान से बागवानी फैसलों को बचाने के लिए फैनल आकृति, फीरोमैन ट्रैपए सोलर पावरड एलईडी लाइट ट्रैप, सोलर पावरड आर्टीफिसयली इंटलीजेंट ट्रैप, स्टीकी ट्रैप का उपयोग किया जाता है। इसके लिए बागवानी विभाग 75 प्रतिशत तक का अनुदान दे रहा है।

**अनुदान के लिए आवश्यक दस्तावेज**

मेरी फसल मेरा ब्योरा, पासपोर्ट साईज एक फोटो, फैमिली आईडी, आधार कार्ड, पैन कार्ड, जमाबंदी, फर्द, पटवारी रिपोर्ट, बैंक पासबुक, ट्रैप का ओरिजनल बिल आदि आवश्यक है।

यह जानकारी देते हुए जिला बागवानी अधिकारी डॉ. प्रेम यादव ने बताया कि अलग अलग फसलों के लिए अलग अलग फीरोमैन ट्रैप का उपयोग किया जाता है। एक किसान के लिए अनुदान की अधिकतम सीमा 10 एकड़ है। ट्रैप का उपयोग करने से हानिकारक कीट पतंगों से फसल का बचाव हो जाता है व कीटनाशकों पर किसान का खर्चा नहीं होता, जिससे फसल की गुणवत्ता अच्छी होती है। किसान आवेदन के माध्यम से स्वीकृति लेने के बाद किसी भी फर्म द्वारा ट्रैप विभागीय दिशा निर्देशानुसार खरीद कर बिल विभाग में जमा करवा सकता है। फसलों को बचाने के लिए हानिकारक कीट को पहचान कर ही फीरोमैन ट्रैप, लाइट ट्रैप, स्टीकी ट्रैप का चुनाव करें। अनुदान के लिए किसान सर्वप्रथम मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण करके बागवानी विभाग की साईट पर आवेदन करें व मद का चुनाव करके दस्तावेज अपलोड करें। दस्तावेज अपलोड करने के बाद ही किसान का आवेदन मान्य होगा। यह पहले आओ पहले पाओ के आधार पर आधारित है।

उन्होंने बताया कि बागवानी फसलों में ज्यादा समय तक जल भराव न रहने दें व जल निकासी का उचित प्रबंध करें, अन्यथा सब्जियों के साथ साथ फलदार पौधों में भी जड़गलन की शिकायत आ सकती है। किसी भी तरह की तकनीकी जानकारी के लिए कृषि विज्ञान केन्द्र महेन्द्रगढ़ के वैज्ञानिकों से सलाह करें। इसके अतिरिक्त विभागीय योजनाओं से संबंधित जानकारी व आवेदन के लिए संबंधित ब्लॉक के उद्यान विकास अधिकारी कार्यालय

### केंद्रीय विश्वविद्यालय में पांच दिवसीय दीक्षारंभ कार्यक्रम की शुरूआत

## कुलपति ने भारतीय शिक्षा प्राणाली में उपलब्ध शिक्षा से करवाया अवगत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

हरियाणा केंद्रीय विवि में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के अंतर्गत दाखिला लेने वाले विद्यार्थियों के लिए सोमवार से पांच दिवसीय दीक्षारम्भ कार्यक्रम की शुरूआत हुई। विवि के छात्र कल्याण अधिष्ठाता कार्यालय के द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम के पहले दिन स्कूल ऑफ इंटरडिसिप्लिनरी एंड एप्लाइड साइंसेज व स्कूल ऑफ बेसिक सांइसेज के स्नातकोत्तर कार्यक्रम तथा एमटेक में पंजीकृत विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि हरि की धरती हरियाणा में सभी का स्वागत है। यह समय है अपने जीवन की दिशा निर्धारित करने का और उसके लिए आवश्यक शिक्षा व कौशल के विकास का। विवि इस प्रयास में सदैव आपके साथ है। भारतीय शिक्षा प्राणाली में उपलब्ध शिक्षा से करवाया अवगत छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. रेनु यादव ने इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों के समक्ष विस्तृत प्रस्तुतिकरण देते हुए विवि में उपलब्ध विभिन्न सुविधाओं, संसाधनों व विद्यार्थी हितैषी प्रयासों का उल्लेख किया। समकुलपति प्रो. पवन कुमार शर्मा ने विद्यार्थियों के समक्ष भारत की परिकल्पना और भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के महत्त्व और पुरातन गुरुकुल परम्परा के माध्यम से भारतीय शिक्षा–प्रणाली में उपलब्ध शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के अवसरों पर भी प्रकाश डाला। कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने कहा कि विवि नियमों के अनुरूप निर्धारित व्यवस्था का अनुसरण करता है इसलिए इसके संचालन में सहयोग प्रदान करें। कुलसचिव ने विद्यार्थियों को हरसंभव सहयोग के लिए आश्वस्त करते हुए उनका स्वागत किया। विवि के वित्त अधिकारी डॉ. विकास कुमार, शोध अधिष्ठता प्रो. नीलम सांगवान, शैक्षणिक अधिष्ठाता प्रो. पवन कुमार मौर्य, पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. संतोष, सीएच, प्रोक्टर डॉ. नंद किशोर, प्रोवोस्ट प्रो. मोना शर्मा, मेडिकल ऑफिसर डॉ. रजत यादव व स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ. पूजा ने विवि की विभिन्न सुविधाओं व उनकी कार्यप्रणाली से अवगत करवाया।



महेंद्रगढ़। दीक्षारंभ कार्यक्रम में कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार स्मृति चिह्न भेंट करतीं प्रो. रेनु यादव। फोटो : हरिभूमि

**शिक्षा के साथ समय प्रबंधन व नैतिक मूल्यों की**

प्रो. टंकेशवर कुमार ने कहा कि हरियाणा वहीं धरती है, जहां भगवान श्री कृष्ण ने गीता का उपदेश दिया था। कुलपति ने कहा कि शिक्षा जीवन भर जारी रहती है। अर्जित ज्ञान हमारे जीवन को दिशा प्रदान करने का कार्य करता है। विभिन्न स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में अध्ययन करने वाले विद्यार्थी अवश्य ही अगले दो वर्षों में अपने जीवन के नए आयामों को प्राप्त करेंगे। कोई शिक्षक, कोई वैज्ञानिक तो कोई प्रशासनिक सेवा के क्षेत्र की ओर बढ़ेगा और यह दिशा उन्हें अर्जित ज्ञान के माध्यम से ही प्राप्त होगी। प्रो. टंकेशवर कुमार ने अपने संबोधन में शिक्षा के महत्त्व के साथ-साथ समय प्रबंधन व नैतिक मूल्यों की आवश्यकता से भी अवगत कराया। उन्होंने कहा कि देश के विकास के लिए एक उपयुक्त नागरिक के निर्माण में शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों का भी अहम योगदान होता है।

## सूरज डिग्री कॉलेज की मोनिका विवि में द्वितीय



महेंद्रगढ़। शानदार परिणाम देने वाले छात्र–छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

- एमए इंग्लिश के चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा मोनिका ने 7 .78 एसजीपीए लेकर पूरे विश्वविद्यालय में द्वितीय स्थान प्राप्त किया

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर द्वारा एमए इंग्लिश के चतुर्थ सेमेस्टर का परिणाम घोषित किया गया, जिसमें सूरज कॉलेज के विद्यार्थियों का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा। एमए इंग्लिश के चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा मोनिका पुत्री जगराम वासी खेड़की ने 7.78 एसजीपीए लेकर पूरे विश्वविद्यालय में द्वितीय स्थान प्राप्त किया एवं कॉलेज में प्रथम रही। इसी क्रम में छात्रा अंगीता पुत्री अर्जुन गर्ग ने 7.40 एसजीपीए के साथ द्वितीय तथा नरवीर पुत्र जयप्रकाश, बवाना ने 7.32 एसजीपीए हासिल कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कॉलेज के निदेशक संदीप प्रसाद यादव ने भी परिणाम पर खुशी जाहिर करते हुए विद्यार्थियों, अभिभावकों व शिक्षकों को बधाई देते हुए बताया कि सूरज कॉलेज को विश्वविद्यालय द्वारा संबंधता प्राप्त होने पर बीए योगा के लिए प्रवेश जारी है।

कॉलेज प्राचार्य डा. सुधाकर गुप्ता ने बताया कि घोषित परिणाम में कॉलेज के सभी विद्यार्थी अच्छे अंकों के साथ उत्तीर्ण रहे। उन्होंने कहा कि कॉलेज का श्रेष्ठ परिणाम विद्यार्थियों के कठोर परिश्रम व शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है।

## रामचंद्र स्कूल में स्केचिंग प्रतियोगिता आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। स्कैच दिखाते विद्यार्थी।

रामचंद्र पब्लिक स्कूल कनीना में कक्षा तीसरी से 8वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए स्केचिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बच्चों ने प्रकृति, देशभक्ति और सामाजिक विषयों पर सुंदर चित्र बनाए और अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कक्षा तीसरी से पांचवीं कक्षा में प्रथम भाविष्या, द्वितीय माही और तृतीय साक्षी और सनाया रही। कक्षा छठीं से आठवीं कक्षा में प्रथम नव्या और कीया, द्वितीय खुशी व पायल तथा तृतीय स्थान पर इशिका और गूंजन रही। कार्यक्रम की एक्टिविटी इंचार्ज अनीता थी। एकेडमिक इंचार्ज शिवचरण जोशी ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं बच्चों में रचनात्मकता, कल्पनाशीलता और आत्मविश्वास को बढ़ाती हैं। कार्यक्रम की संयोजिका एवं कोऑर्डिनेटर ऋतु यादव ने कहा कि बच्चों की प्रतिभा को पहचानने और उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए ऐसे आयोजन अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। चेयरमैन रोशनलाल यादव जी ने विजेताओं को पुरस्कार और प्रमाण पत्र प्रदान किए। प्रतियोगिता का समापन बच्चों की कलाकृतियों की प्रदर्शनी और सभी प्रतिभागियों की सराहना के साथ हुआ।

## जूडो में छाए राव रामचंद्र के छात्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

हाल ही में शिक्षा विभाग द्वारा जिला सत्र पर आयोजित जूडो कराटे प्रतियोगिता में राव रामचंद्र मेमोरियल पब्लिक स्कूल कनीना के छात्र हिमांशु ने अंडर-19 में प्रथम स्थान, अंडर-17 में अरविंद व नीरज ने दूसरा स्थान, अंडर-14 में रोनिक ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। बच्चों ने इसका श्रेय अपने कोच अमित, संस्था के अध्यक्ष रोशन लाल यादव एवं प्रिंसिपल हरिप्रकाश शर्मा को दिया। जीत के उपरांत विद्यालय पहुंचने पर सभी छात्रों को संस्था के अध्यक्ष रोशन लाल यादव ने सम्मानित कर उनका हौसला बढ़ाया एवं आगे भी इसी प्रकार से अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।



महेंद्रगढ़। जूडो कराटे के विजेताओं को पुरस्कृत करते हुए।



मंडी अटेली। हवन यज्ञ में आहुति देते आर्य समाज के लोग। फोटो : हरिभूमि

### अटेली में आर्य समाज ने करवाया हवन-यज्ञ

**मंडी अटेली।** स्थानीय पुराना बस स्टैंड में आर्यसमाज की ओर से सोमवार को सुख शांति के लिए हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया। आर्य समाज के प्रधान हरदयाल, दिनेश आर्य, रिटायर्ड हेडमास्टर हरदुल, इंद्रजीत, मास्टर हरीराम, रामौतार पुरुषार्थी, समाजसेवी तेज प्रकाश ने हवन यज्ञ करवाया। हरदयाल ने बताया कि यज्ञ से आध्यात्मिक, आधिभौतिक और आधिदैविक विश्व शांति की प्राप्ति होती है। पर्यावरण प्रदूषण और अनके प्रकार के रोगों से भी निजात मिलता है। विश्व के बड़े-बड़े देशों में वैज्ञानिकों ने गहन स्तर तक शोध करने के पश्चात यह निष्कर्ष निकाला है कि विश्व के प्रदूषण और रोगों के मुक्ति का सबसे सरल और सस्ता उपाय यज्ञ है। वहीं प्राकृतिक कृषि और देशी गौवंश की रक्षा एवं उनका संवर्धन अत्यंत आवश्यक है। वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाकर यदि हम गौपालन को लाभकारी बनाएंगे तो समाज में उसकी रक्षा हेतु स्वाभाविक चेतना विकसित होगी। यज्ञ राष्ट्र खुशहाली व समृद्धि हेतु किया किया गया है।

## अभिभावक-शिक्षक सम्मेलन आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

गोशाला रोड स्थित शरबती सीनियर सेकेंडरी स्कूल में एक भव्य अभिभावक-शिक्षक सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें चेयरमैन डॉ. मेजर सूरत सिंह यादव, प्राचार्य बिक्रम सिंह, दीपक यादव एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे।

चेयरमैन डॉ. मेजर सूरत सिंह यादव ने कहा कि शरबती स्कूल न केवल शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी है, बल्कि बच्चों के समग्र व्यक्तित्व विकास और नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए भी प्रतिबद्ध है। हमारा उद्देश्य बच्चों को ऐसी शिक्षा प्रदान करना है, जो उन्हें समाज और देश के लिए एक जिम्मेदार नागरिक बनाए। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों की शिक्षा में सक्रिय भागीदारी और सहयोग की अपील की। सम्मेलन में प्राचार्य विक्रम सिंह ने अनुशासन और संस्कृति के संतुलन पर अपना दृष्टिकोण रखा। अभिभावकों ने स्कूल के प्रयासों की सराहना की और बच्चों के भविष्य के लिए कई उपयोगी सुझाव भी दिए। स्कूल प्रशासन ने भविष्य में भी ऐसे आयोजनों को नियमित रूप से आयोजित करने का संकल्प लिया।



महेंद्रगढ़। पीटीएम में बच्चों की जानकारी लेते अभिभावक।



महेंद्रगढ़। छात्र आकाश को सम्मानित करते हुए।

### राव सुल्तान स्कूल के विद्यार्थी ने लहराया परचम

**महेंद्रगढ़।** राव सुल्तान सिंह मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल निम्बहेड़ा के छात्र ने खेल प्रतियोगिता में परचम लहराया है। संस्था निदेशक एडवोकेट सतपाल यादव ने बताया कि जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय अटेली में आयोजित प्रतियोगिता में स्कूल के छात्र आकाश ने 200 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त करके अपना और अपने विद्यालय का नाम रोशन किया। छात्र आकाश पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी बढ़–चढ़कर हिस्सा लेता है। इसकी बदौलत ही जिला स्तर पर पहला स्थान प्राप्त किया। हमारा विद्यालय निरंतर इसकी और अग्रसर है। उनका विद्यालय पढ़ाई के साथ-साथ बच्चे का सर्वांगीण विकास करना। हमारा कर्तव्य बनता है और इस कर्तव्य को हम भली-भांति पूरा कर रहे हैं। उन्होंने कोच कपिल को बधाई देते हुए आगे भी इसी प्रकार तैयारी करते रहे ताकि बच्चे आगे बढ़ते रहे। इस अवसर पर प्राचार्य राजकुमार शर्मा, उपप्राचार्य रामकुमार, कर्ण सिंह निम्बल सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

**आयोजन** जिला स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता में बताई संसदीय कार्य प्रणाली

युवा संसद प्रतियोगिता
लोकतांत्रिक मूल्यों के संरक्षण की पहल

## राजकीय स्कूल मूलौदी में विद्यार्थियों ने पेश की संसदीय कार्यवाही की झलक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

लोकतंत्र की मूल भावना को समझाने व विद्यार्थियों में नेतृत्व तथा वक्तत्व कौशल विकसित करने के उद्देश्य से एससीईआरटी एवं जिला शिक्षा व प्रशिक्षण संस्थान महेंद्रगढ़ के तत्वावधान में आयोजित जिला स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता का शुभारम्भ सोमवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मूलौदी से हुआ। इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण में उत्साहपूर्ण वातावरण देखने को मिला। इस विषय में जानकारी देते हुए पर्यवेक्षक डॉ. संजय शर्मा ने बताया कि डाइट प्राचार्य सुनील दत्त यादव के नेतृत्व में जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आगाज सोमवार से हुआ। जिसका शुभारम्भ प्राचार्या सरिता यादव व डाइट प्रवक्ता डॉ. राकेश यादव ने किया। डॉ. संजय शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में जिले के पांचों खण्डों से चयनित विद्यालयों की टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। बच्चों ने संसद की कार्यवाही का मंचन करते हुए प्रश्नकाल, शून्यकाल, नीतिगत चर्चा और विधेयकों पर बहस जैसे सत्रों का प्रस्तुतीकरण किया। विद्यार्थियों ने अपने प्रभावशाली तर्कों, वाकपटुता व संसदीय व्यवहार से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कभी विपक्ष ने तीखे सवाल उठाए, तो कभी सत्ता पक्ष ने ठोस दलीलों से उनका जवाब दिया। डॉ. राकेश यादव व डॉ. नरेश कुमार ने कहा कि युवा संसद प्रतियोगिता लोकतांत्रिक मूल्यों के संरक्षण की दिशा में एक सार्थक पहल है। डॉ. किरण ने कहा कि आज के विद्यार्थी ही कल के नागरिक व नेता हैं। यदि वे लोकतांत्रिक परंपराओं को गहराई से समझेंगे तो समाज और राष्ट्र का भविष्य मजबूत होगा। प्रवक्ता ऋतुराज गौड़ ने बताया कि प्रधानमंत्री के रूप में सोनू कुमारी, नेता प्रतिपक्ष के रूप में पूनम कुमारी व मंत्रिमंडल में मंत्रियों के रूप में महक, अनिरुद्ध, जयपाल आदि बच्चों ने भूमिका निभाई।



नारनौल। युवा संसद में भाग लेते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## आशा वर्कर से मारपीट करने वालों पर कार्रवाई की मांग

**नारनौल।** आशा वर्कर्स युनियन का प्रतिनिधि मंडल सोमवार को जिला प्रधान सुशीला के नेतृत्व में सिविल सर्जन से मिला। इस अवसर पर प्रतिनिधि मंडल से बताया बाघोत गांव की आशा वर्कर्स सुनीता के साथ बेवजह मारपीट करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने बताया कि आशा वर्कर सुनीता ने गृभवती महिला को बुलाकर इंजेक्शन लगाया, जो कि गृभवती महिला को लगना जरूरी होता है। जिसके कारण बुखार आना, भारीपन होना, थोड़ा खून आना आम बात है। इस बात को लेकर महिला के पति व परिवार वालों ने फोन पर आशा वर्कर के साथ गाली गलौच किया व आशा वर्कर के समझाने के बाद भी उसके घर जाकर गाली गलौच व आशा वर्कर तथा उसके परिवार वालों के साथ मारपीट की।

उन्होंने बताया कि आशा वर्कर ने इसकी शिकायत कनीना थाना व मेडिकल ऑफिसर सेहलंग को दी, लेकिन पांच दिन बीत जाने पर भी अभी तक पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की है।

### सोशल मीडिया पर प्रतिबंद लगाकर मनीषा हत्याकांड को दबाने के प्रयास

**नांगल चौधरी।** जजपा के हलका प्रधान एडवोकेट प्रमोद ताखर व प्रभारी विनोद भील ने मनीषा हत्याकांड में सरकार पर लापरवाही बरतने के आरोप लगाए हैं। सोशल मीडिया पर लगाकर मामले को भटकाने का प्रयास किया जा रहा है। जिससे प्रदेश की जनता में आक्रोश बना हुआ है। उन्होंने कहा कि मनीष हत्याकांड का मामला पेचीदा बना हुआ है, हालांकि पुलिस प्रशासन ने आत्महत्या बताया है, लेकिन मृतका के परिजनों ने पुलिस की रिपोर्ट को गलत करार दिया। कहा कि पुलिस रिपोर्ट में जहरीला पदार्थ खाकर सुसाइड होने की पुष्टि हुई है, लेकिन जहरीला पदार्थ खाने के बाद गर्दन को काटना व अन्य अंगों को नुकसान होना संदिग्ध बना हुआ है। प्रदेश में आक्रोश बढ़ने पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सीबीआई जांच के आदेश दे दिए, लेकिन अभी भी पारदर्शिता पर सवाल बने हुए हैं, क्योंकि सरकार ने सोशल मीडिया पर प्रतिबंद लगा दिया। जिससे तथ्यों को तोड़ने मरोड़ने की संभावना बढ़ गई है। उन्होंने प्रदेश सरकार से मीडिया व सोशल मीडिया को स्वतंत्र करने की गुहार लगाई है।

**सार्वजनिक सूचना**

मैं होशियार सिंह (आर्मी न. 6373548X Rank Honary Naib sub-) पुत्र श्री भागूराम निवासी गांव भांखरी, तहसील नारनौल, जिला महेंद्रगढ़ ब्यान करता हूं कि मेरी पत्नी के आधार कार्ड व वोटर कार्ड में जन्म तिथि 02.03.1960 है जबकि मेरे आर्मी रिकार्ड में 01.07.1960 है। अतः मेरे आर्मी रिकार्ड में मेरी पत्नी की जन्म तिथि 02.03.1960 दर्ज करवाना चाहता हूं।

## खबर संक्षेप

### नशा मुक्ति कार्यक्रम आयोजित

**नारनौल।** रेडक्रॉस सोसाइटी की तरफ से नशे के खिलाफ बडे.पैमाने पर अभियान चलाया जा रहा है। जिसका उद्देश्य समाज में नशाखोरी के खतरों के बारे में जागरूकता फैलाना है। इसी कड़ी में सोमवार को हुडा स्थित सीएल पब्लिक स्कूल में जिला जेआरसी समन्वयक टेकचंद यादव, राजेश कुमार, पवित्रा कुमारी जेआरसी काउन्सलर की अगुवाई में जागरूक रैली का आयोजन किया गया।

### संगठन विस्तार एवं बूथ स्तर कार्यक्रम की दी जानकारी

**नारनौल।** गांव कुतबापुर स्थित राव तुलाराम पार्क में मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार की अध्यक्षता में मंडल कार्यकारिणी का आयोजन किया गया। बैठक में पूर्व शिक्षामंत्री रामबिलास शर्मा ने संगठन विस्तार एवं बूथ स्तर पर होने वाले कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी।

### प्रतियोगिता में यदुवंशी के विद्यार्थी प्रथम

**नारनौल।** यदुवंशी शिक्षा निकेतन के छात्रों ने भारत विकास परिषद की ओर से आयोजित राष्ट्रीय समूह गीत प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय व पूरे क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थी हिमांशी पुत्री ललित कुमार, तनिषा पुत्री रामचंद्र, देवयानी पुत्री सुनील कुमार, जान्वीए पुत्री डोड़राम, दीक्षा पुत्री संदीप, अविनाश पुत्र रामचंद्र, लक्की पुत्र अरविंद आर्या, रक्षित पुत्र ओमपाल सिंह आदि है। प्राचार्य नरेश कुमार ने छात्रों को इस शानदार उपलब्धि पर बधाई दी। निदेशिका सुरेश यादव ने कहा कि यह सफलता विद्यालय की सामूहिक मेहनत व छात्रों की प्रतिभा का प्रतीक है।

### पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन की बैठक

**नारनौल।** पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में सोमवार को पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन संबंधित सर्व कर्मचारी संघ की बैठक ब्रांच प्रधान कपिल कुमार की अध्यक्षता में हुई। जिसका संचालन ब्रांच सचिव अनिल कुमार ने किया। बैठक में राज्य प्रचार सचिव सूबेसिंह, जिला प्रधान कौशल यादव, जिला कैशियर नरेंद्र कुमार मौजूद रहे। राज्य सचिव ने बताया कि सभी मांगों का छह सितंबर तक यदि समाधान नहीं हुआ तो आठ सितंबर को धरना प्रदर्शन करेंगे। इस अवसर पर एसकेएस प्रधान कौशल यादव ने कहा कि यदि कार्यकारी अभियंता छह सितंबर तक पूरी नहीं करते हैं, तो सभी कर्मचारी कार्यालय पर धरना प्रदर्शन करेंगे।

## जिला का पहला बाल सलाह, परामर्श एवं कल्याण केंद्र एमएलएस डीएवी में स्थापित

# किशोरावस्था में विचारों को सही दिशा देना जरूरी, बाहरी की बजाय अभिभावकों की सलाह सही मार्गदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की राज्य स्तरीय परियोजना के तहत जिला का पहला एवं हरियाणा राज्य का 182वां बाल सलाह, परामर्श एवं कल्याण केंद्र एमएलएस डीएवी स्कूल में स्थापित किया गया। इसका शुभारंभ सोमवार मंडलीय बाल कल्याण अधिकारी रोहतक एवं राज्य नोडल अधिकारी अनिल मलिक ने किया। इस केंद्र में स्कूल में अध्ययनरत किशोर विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों व शिक्षकों को फायदा मिलेगा। इसके बाद पीजी कॉलेज के सभागार भवन में केन्द्र स्थापना अवसर पर बढ़ती उम्र-बढ़ते विचार : किशोरावस्था के बदलावों को समझने की ज़रूरत विषय पर सेमिनार आयोजित किया गया। इस अवसर विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए राज्य नोडल अधिकारी अनिल मलिक ने कहा कि बढ़ती उम्र के साथ विचारों में बदलाव एक स्वाभाविक प्रक्रिया है, ज़रूरत इन बदलावों की सकारात्मक स्वीकृति की है। किशोर मन बेहद चंचल भावुक होता है इसलिए विचारों को नियंत्रित करने की कला विकसित करना सीखें। मनोविज्ञानिक प्रेरणा शक्ति को बढ़ाकर परामर्श सेवाओं के महत्व को समझें, उनका लाभ उठाएं।

सही तरीक़े से किशोरावस्था के शारीरिक परिवर्तन, भावनात्मक और जटिल सोच का विकास, व्यक्तिगत पहचान का निर्माण, सामाजिक कौशल और संबंधों में बदलाव को समझकर आने वाली चुनौतियों से निपटने में मदद मिलती है, इसलिए अपने बड़े-बुज़ुर्गों, माता-पिता व शिक्षकों से संवाद करते रहें और उनके जीवन अनुभव से सीखें।





नारनौल। केंद्र का शुभारंभ करते राज्य नोडल अधिकारी अनिल मलिक व किशोरावस्था के बदलावों को समझने की जरूरत विषय पर सेमिनार को संबोधित करते अनिल मलिक। *फोटो : हरिभूमि*

### किशोरावस्था में अक्सर विचलित होता है मन

परामर्शदाता नीरज कुमार ने कहा कि किशोरावस्था में अक्सर मन विचलित होता है, मन भले ही कितना भी विचलित हो अपने अभिभावकों से खुलकर संवाद करें। हार्मोनल बदलाव व भावनात्मक विकास के प्रभाव में मन पर नियंत्रण की कला विकसित करेंगें तो काफ़ी हद तक सुरक्षित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य राजेश दुहन ने कहा कि मनोवैज्ञानिक परामर्श सेवाओं के मद्देनज़र आज किशोर विद्यार्थियों के साथ खुला संवाद निश्चित तौर पर सकारात्मक परिणाम देने वाला होगा।

### बढ़ती उम्र के साथ विचारों को सही दिशा देना ज़रूरी

अनिल मलिक ने कहा कि इंसान के विचारों की शक्ति परमाणु जैसी होती है। असीमित जो इंसानी जीवन और वास्तविकता को आकार देती है। विचार शक्ति से ही हम अपने कार्यों, निर्णयों और परिस्थितियों को प्रभावित कर सकते हैं। विद्यार्थी जीवन से ही अपने सकारात्मक विचारों को बढ़ावा देना शुरू करें। एकाग्रता का अभ्यास तथा आत्म-अनुशासन ज़रूरी है। उच्च कोटि का साहित्य पढ़े, सकारात्मक विचारधारा व ऊर्जावान प्रोत्साहन प्रदान करने वाले लोगों के साथ समय बिताएं।


## गोशाला से मसानी चौक तक की सड़क हुई खस्ता

# श्रीगोशाला के सामने मुख्य द्वार के पास दो-दो फीट गहरे गड्ढे बने

**नगर पालिका ने करीब तीन साल पहले इस सड़क के निर्माण पर 57 लाख रुपये खर्च हुए थे, मसानी चौक से गोशाला तक एक किलोमीटर लंबी सड़क गड्ढों में तब्दील हो चुकी है**

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

तीन साल पहले गोशाला से मसानी चौक तक बनी सड़क गड्ढों में तब्दील हो गई है। यह सड़क जर्जर होने से लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है। नगर पालिका ने करीब तीन साल पहले इस सड़क के निर्माण पर 57 लाख रुपये खर्च हुए थे। मसानी चौक से गोशाला तक एक किलोमीटर लंबी सड़क गड्ढों में तब्दील हो चुकी है। लोगों की मांग के बाद भी सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई। यह सड़क करीब 50 गांवों से जुड़ी है। श्री गोशाला के सामने मुख्य द्वार के पास दो-दो फीट गहरे गड्ढे बन गए हैं। मसानी माता मंदिर के पास तो सड़क पर रोड़े बिखरे पड़े हैं। इस सड़क से करीब 150 स्कूल की बसें गुजरती हैं। बारिश के समय गड्ढों में पानी भर जाता है, जिसके कारण बाइक चालकों को गड्ढों का पता नहीं चलता और वे दुर्घटनाग्रस्त हो जाते हैं। लोगों ने मांग की है कि अधिकारी व नपा प्रशासन को इस और ध्यान देना चाहिए। स्थानीय लोग मनोज कुमार, ललित, नोनी व विनोद ने बताया कि नगर पालिका ने यह सड़क तीन वर्ष पहले यह बनवाई थी। छह महीने बाद ही सड़क टूटने लगी थी। वर्तमान में सड़क जर्जर है, जिससे आवागमन प्रभावित हो रहा है। यह सड़क 50 गांवों को जोड़ती है। मसानी चौक पर तो सड़क मार्ग का बुरा हाल है। यहां पर गहरे गड्ढे बने हुए हैं। पास में ही माता का मंदिर है। जब यहां पर लोग पूजा करने के लिए आते है तो उनको इन गड्ढों से होकर गुजरना पड़ता है। इसके अलावा श्री गोशाला के मुख्य द्वार के पास दो-दो फुट गहरे गड्ढे बने हुए हैं। उन्होंने कहा कि बारिश के समय में गड्ढों में पानी भर जाता है, जिसके कारण बाइक चालकों को गड्ढों का पता नहीं चलता और वे दुर्घटनाग्रस्त हो जाते हैं। नगर पालिका इन गड्ढों को पैचवर्क नहीं करवा रही है, जिसके कारण लोगों को परेशानी हो रही है। लोगों ने मांग की है कि अधिकारी व नपा प्रशासन को इस और ध्यान देना चाहिए।



महेंद्रगढ़। गोशाला के पास जर्जर अवस्था में सड़क। *फोटो : हरिभूमि*

### रेवाड़ी रोड को जोड़ने वाला है यह मार्ग

यह सड़क मार्ग शहर और रेवाड़ी रोड को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग है। शहर व आसपास के गांव के लोग इसी रास्ते से होकर गुजरते हैं। इसके अलावा यह मार्ग गांव माजरा कला, सिसोठ, भगड़ाना, लावण, मालड़ा बास, बवाना, सेहलंग, नौताना सहित अनेक गांव के लोग इस मार्ग का प्रयोग करते हैं। इसके अलावा मार्ग पर कई निजी अस्पताल, निजी स्कूल, गोशाला, मैरिज पैलेस व 50 से अधिक दुकानें हैं।

### सड़कों का निर्माण करवा रहे

शहर में अनेक जगहों पर सड़कों व गलियों के निर्माण का कार्य चल रहा है। जो सड़क बदहाल अवस्था में हैं, जल्द ही उनकी मरम्मत व नव निर्माण के लिए भी प्रक्रिया शुरू की जाएगी। प्रक्रिया पूरी होने के बाद जल्द ही टेंडर लगवाकर इनका निर्माण कराया जाएगा।

**रमेश सैनी, अध्यक्ष, नगर पालिका**

# अटेली रेलवे स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव की उठाई मांग

- दो घंटे तक डीआरएम की प्रतीक्षा करने के बाद उन्होंने अपने ज्ञापन अटेली स्टेशन मास्टर सुरेश शर्मा को सौंपे

हरिभूमि न्यूज ⏩ नारनौल

अटेली रेलवे स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव न होने के कारण इलाके के लोगों में भारी रोष व्याप्त है। इस सम्बन्ध में प्रजा भलाई संगठन के सुप्रीमो समाजसेवी अतरलाल एडवोकेट के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने अटेली स्टेशन मास्टर सुरेश शर्मा को केन्द्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव, डीआरएम जयपुर मंडल के नाम प्रेषित दो अलग अलग ज्ञापन सौंपकर अटेली स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव की मांग की। अटेली स्टेशन पर डीआरएम उत्तर पश्चिमी रेलवे मंडल जयपुर के डीआरएम की आने की सूचना पाकर प्रजा भलाई संगठन के कार्यकर्ता नेताजी अतरलाल के नेतृत्व में अटेली रेलवे स्टेशन पर इकट्ठा हुए। दो घंटे तक डीआरएम की प्रतीक्षा करने के बाद उन्होंने अपने ज्ञापन अटेली स्टेशन मास्टर सुरेश शर्मा को सौंपे। स्टेशन मास्टर ने ज्ञापनों को उच्च अधिकारियों को भेजने का भरोसा दिया।



नारनौल। रेलवे स्टेशन मास्टर अटेली को ज्ञापन सौंपते नेताजी अतरलाल।

### ठराव न होने से लोगा होते थे परेशान

ज्ञापन देने के बाद अतरलाल ने कहा कि अटेली रेलवे स्टेशन से होकर अनेक एक्सप्रेस गाड़ियां गुजरती हैं, लेकिन उनका ठहराव अटेली रेलवे स्टेशन पर न होने के कारण इलाके की जनता को भारी परेशानी उठानी पड़ती है। यह इलाका सैनिकों का इलाका है। सैनिक जब छुट्टी आते हैं या छुट्टी काटकर जाते हैं तो उन्हें रेवाड़ी या नारनौल जाकर एक्सप्रेस ट्रेन पकड़नी पड़ती है। अतरलाल ने केन्द्रीय रेल मंत्री तथा डीआरएम जयपुर मंडल से एक्सप्रेस गाड़ी नम्बर 15092 टनकपुर दोराई एक्सप्रेस, एक्सप्रेस गाड़ी नम्बर 22452 चंडीगढ़ बांद्रा टर्मिनस, एक्सप्रेस गाड़ी नम्बर 12066 दिल्ली सराय रोहिल्ला, अजमेर जनशताब्दी एक्सप्रेस, एक्सप्रेस गाड़ी नम्बर 22950 दिल्ली सराय रोहिल्ला बांद्रा टर्मिनस, गाड़ी नम्बर 22986 दिल्ली सराय रोहिल्ला उदयपुर हमसफर, गाड़ी नम्बर 09633 रेवाड़ी रिंगस स्पेशल एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव अटेली स्टेशन पर तत्काल शुरू करने की मांग की। इस मौके पर ब्लॉक प्रधान शेरसिंह यादव, भागसिंह चेयरमैन, कैलाश सेठ, अशोक सिंह खोड़, राकेश यादव, दानसिंह प्रजापत आदि मौजूद थे।

## सादलपुर में फाटक पर आरयूबी निर्माण के चलते चार गाड़ियां रहेगी बंद, कुछ गाड़ियों का मार्ग हुआ परिवर्तन

**नारनौल।** रेलवे द्वारा बीकानेर मंडल के सादुलपुर यार्ड में समपार फाटक संख्या ए 142 पर आरयूबी निर्माण कार्य एवं दूधवाखारा-आसलू स्टेशनों के मध्य तकनीकी कार्य के चलते कुछ गाड़ियां प्रभावित रहेगी। जिसके चलते जिला के रेलयात्रियों को भी परेशानी उठानी पड़ सकती है। गाड़ी संख्या 54789 रेवाडी-बीकानेर, गाड़ी संख्या 54790 बीकानेर-रेवाड़ी, गाड़ी संख्या 54316 हिसार-रेवाड़ी, गाड़ी संख्या 54315 रेवाडी- हिसार 20 सितंबर को रद्द रहेगी। वहीं गाड़ी संख्या 54704 जयपुर-बठिण्डा रेलसेवा लोहारू-बठिण्डा के मध्य तथा गाड़ी संख्या 54703 बठिण्डा-जयपुर रेलसेवा बठिण्डा-लोहारू के मध्य 20 सितंबर को आंशिक रद्द रहेगी। इसके अलावा कुछ गाड़ियों का मार्ग परिवर्तन भी हुआ है। गाड़ी संख्या 12323, हावडा-बाडमेर रेलसेवा 19 सितंबर को हावड़ा से प्रस्थान करेगी तथा परिवर्तित मार्ग वाया रेवाड़ी, रींगस, फुलेरा, डेगाना होकर संचालित होगी। परिवर्तित मार्ग में इस गाड़ी का नारनौल, नीमकाथाना, रींगस, फुलेरा, मकराना स्टेशनों पर ठहराव होगा। गाडी संख्या 07717 तिरूपति-हिसार रेलसेवा 17 सितंबर को तिरूपति से प्रस्थान करेगी वह परिवर्तित मार्ग वाया रींगस-रेवाड़ी-भिवानी-हिसार होकर संचालित होगी। परिवर्तित मार्ग में यह रेलसेवा नीमकाथाना, नारनौल, रेवाड़ी व भिवानी स्टेशनों पर ठहराव करेगी। गाडी संख्या 04717 हिसार तिरूपति रेलसेवा 20 सितंबर को हिसार से प्रस्थान करेगी तथा परिवर्तित मार्ग वाया हिसार-भिवानी-रेवाड़ी-रींगस होकर संचालित होगी। इस गाड़ी का भिवानी, रेवाड़ी, नारनौल, नीमकाथाना स्टेशनों पर ठहराव होगा।

## कांग्रेस संगठन से जोड़े जाएंगे मेहनती व संघर्षशील कार्यकर्ता: सत्यवीर झूकिया



महेंद्रगढ़। मंच पर राष्ट्रीय नेताओं के साथ मौजूद जिला प्रधान सत्यवीर झूकिया।

**महेंद्रगढ़।** कांग्रेस के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष सत्यवीर झूकिया ने दिल्ली में आयोजित संगठन सृजन अभियान से लौटकर बताया कि कांग्रेस देश की सबसे पुरानी पार्टी है। देश की आजादी से लेकर आज तक कांग्रेस ने बहुत बड़ी भूमिका निभाई है और संगठन किसी भी पार्टी की रीढ़ की हड्डी होता है। बिना संगठन के कोई पार्टी नहीं चल सकती। इसलिए जिला संगठन में मेहनती एवं संघर्षशील लोगों को जोड़ा जाएगा। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता झूकिया ने बताया कि संसद में विपक्ष के नेता राहुल गांधी का स्पष्ट निर्देश है कि संगठन में मेहनती संघर्षशील और जुझारू लोगों को शामिल किया जाए, इसमें किसी की सिफ़ारिश नहीं चलनी चाहिए। इसलिए कांग्रेस संगठन में कार्यकर्ताओं की बैकग्राउंड देखकर मौका दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि दिल्ली इंदिरा भवन में हरियाणा और मध्य प्रदेश के नवनियुक्त जिलाध्यक्षों की मीटिंग हुई थी, जिसको लेकर आवश्यक दिशा–निर्देश हैं, जिन पर काम करना है।

# प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में जिले से 2 विद्यार्थी लेंगे भाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय की ओर से डीएवी पब्लिक स्कूल में एचआइवी एड्स व स्वस्थ जीवनशैली विषय पर जिला स्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें खंड स्तर पर प्रथम 10 स्थान हासिल करने वाले प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला उप शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार ने किया। इस अवसर पर सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों, उनके साथ आए अध्यापकों के अलावा डीएवी पब्लिक स्कूल के प्राचार्य राजेश कुमार, जिला गणित विशेषज्ञ डॉ. मंगत यादव, जिला विज्ञान विशेषज्ञ रविंद्र कुमार सहित निर्णायक मंडल के सदस्य विजय सैनी, दीपा महावर, विक्रम सिंह, शशि कला के अलावा पवन कुमार व मनोज कुमार प्रवक्ता मौजूद रहे। प्रतियोगिता में श्रीकृष्णा वरिष्ठ माध्यमिक विद्याल भुंगारका की छात्रा मुस्कान ने प्रथम स्थान हासिल किया।



नारनौल। प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थी व अतिथिगण। *फोटो : हरिभूमि*

### प्रतियोगिता 28 को

जिला विज्ञान विशेषज्ञ रविन्द्र कुमार ने बताया कि 28 अगस्त को राज्य स्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जिसमें जिला स्तर पर प्रथम व द्वितीय स्थान पर रहने वाले विद्यार्थी कुरुक्षेत्र के सेक्टर सात स्थित महाराणा प्रताप पब्लिक स्कूल में प्रतिभागिता करेंगे।

### प्रतियोगिता के उद्देश्य

- युवाओं में स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना।
- स्वास्थ्य एवं कल्याण से संबंधित मुद्दों पर सूचनाओं के आदान प्रदान हेतु एक इंटरैक्टिव मंच प्रदान करना।
- एचआईवी एड्स व यौन संचारित रोगों पर व्यापक ज्ञान प्रदान करना।
- आहार एवं पोषण, स्वच्छता और सफ़ाई पर ज्ञान प्रदान करना।



महेंद्रगढ़। विजेता बच्चों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### सच्चा खिलाड़ी वही जीत के लिए निरंतर प्रयास करता है

**महेंद्रगढ़।** राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल अटेली में चल रहे जिला स्तरीय विभिन्न प्रतियोगिता में मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने सराहनीय प्रदर्शन करते हुए स्कूल के साथ-साथ अपने माता-पिता व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। स्कूल पहुंचने पर विजेताओं को स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया गया। प्राचार्य प्रदीप कुमार तंवर ने बताया कि जिला स्तरीय प्रतियोगिता में अंडर 14 आयुवर्ग में आयोजित 600 मीटर की दौड़ में हर्ष ने प्रथम, अंडर 19 आयुवर्ग में आयोजित 800 मीटर की दौड़ में अमित ने प्रथम तथा अंडर 17 आयुवर्ग में केशव ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उन्होंने बताया कि इससे पहले लड़कियों की प्रतियोगिता में नताशा ने भी प्रथम स्थान प्राप्त किया था। चेयरमैन सतनसिंह ने कहा कि एक अच्छा खिलाड़ी वही होता है, जो हार-जीत की परवाह न करते हुए प्रत्येक प्रतियोगिता में अपनी भागीदारी दिखाता है और जीत के लिए निरंतर प्रयासरत रहता है।

### बाबा जिन्दादेव का मेला व खेल प्रतियोगिता आयोजित

**नारनौल।** गांव भोजावास में बाबा जिन्दादेव का मेला व खेल प्रतियोगिता आयोजित की गई। हजारों श्रद्धालुओं ने बाबा जिन्दा के दरबार में धोक लगाकर मन्नत मांगी और आशीर्वाद लिया। मुख्य अतिथि प्रमुख समाजसेवी अतरलाल एडवोकेट व चेयरमैन भागसिंह तंवर ने खेल प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर अतरलाल ने विशाल मेला व खेल आयोजित करने के लिए ग्राम पंचायत व ग्रामवासियों का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि मेले व खेल हमारी प्राचीन विरासत है। इस अवसर पर भंडारा आयोजित किया गया। मेला स्थल पर पहुंचने पर मेला कमेटी ने मुख्य अतिथि अतरलाल व चेयरमैन भागसिंह का पगड़ी पहनाकर स्वागत किया।

**बैठक** शिव मन्दिर में बीएसएनएल के पीछे नारायण सेवा समिति ने की संगोष्ठी

# शहीदे आजम भगतसिंह के साथी क्रांतिकारी राजगुरु को किया याद

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

नारायण सेवा समिति ने शिव मन्दिर में बीएसएनएल के पीछे महान क्रांतिकारी शहीदे आजम भगतसिंह के साथी शिवराम हरि राजगुरु की जयंती पर सांयकाल एक विचार गोष्ठी व बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता नर नारायण सेवा समिति के प्रधान रामसिंह माधुर ने की। मंच संचालन मास्टर सतबीर ने किया। गोष्ठी में मुख्य वक्ता पूर्व उपप्रधान धर्मपाल शर्मा थे। सभी सदस्यों ने राजगुरु नमन किया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता धर्मपाल शर्मा ने राजगुरु के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका जन्म 24 अगस्त 1908 को पुणे जिले के खेड़ा गांव में हुआ था। उनके पिता का नाम हरि नारायण व मां का नाम पार्वती बाई था। बचपन में ही पिता के निधन के बाद वह वाराणसी चले गए। वहां उन्होंने संस्कृत का अध्ययन किया और भारत की आजादी के लिए काम करने वाले क्रांतिकारियों के संपर्क में आए। वाराणसी में अपनी शिक्षा के दौरान चंद्रशेखर आजाद से बहुत प्रभावित हुए और उनकी पार्टी हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिक संगठन में शामिल हो गए। इसके बाद 1928 में साइमन कमीशन के विरोध के दौरान लाला लाजपत राय पर हुए लाठी चार्ज के कारण उनकी मृत्यु हो गई। इस घटना का बदला लेने के लिए राजगुरु ने भगत सिंह व सुखदेव के साथ मिलकर 17 दिसंबर 1928 को लाहौर में पुलिस अधिकारी जेपी सांडर्स को गोली मारकर हत्या कर दी। इस हत्या के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया और 23 मार्च 1931 को भगत सिंह, सुखदेव के साथ लाहौर के सेंट्रल जेल में उन्हें फांसी दे दी गई। 23 मार्च को पूरे देश में शहीद दिवस के रूप में मनाया जाता है, जो उन तीनों क्रांतिकारियों की बलिदान की याद दिलाता है।



नारनौल। विचार गोष्ठी में भाग लेते समिति सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*

### सर्वसम्मति से फैसला लिया गया

बैठक में सर्वसम्मति से फैसला लिया गया कि नर नारायण सेवा समिति का वार्षिक उत्सव सात सितंबर को यादव धर्मशाला में आयोजित किया जाएगा। जिसमें जिले के 90 वर्ष की अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी की वार्षिक परीक्षा मार्च में 10वीं व 12वीं कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों, खेल में राष्ट्रीय स्तर व राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया जाएगा। समिति के प्रधान रामसिंह मधुर ने सभी पदाधिकारियों को वार्षिक उत्सव में सहयोग करने का आह्वान किया तथा सभी सदस्यों को वार्षिक उत्सव के कार्यों की जिम्मेवारी सौंपी।

### बैठक में थे मौजूद

बैठक में संरक्षक परमानंद दीवान, पूर्व प्रधान बेगराज गोयल, शिवलाल वर्मा, जिला प्रधान वरिष्ठ नागरिक संगठन दुलीचंद शर्मा, समिति के उपप्रधान श्यामसुंदर शर्मा, कोषाध्यक्ष राजेश शास्त्री, सचिन सत्यवीर मास्टर, मुखराम सैनी, भारत भूषण तायल, रविन्द्र चौधरीए,सुमन सैनी आदि मौजूद थे।